

fka CHILDREN'S SERVICES INC

# आरंभिक बचपन शिक्षा और देखरेख सेवाओं में अपने बच्चे के उन्मुखीकरण का समर्थन करना

**HINDI**

आरंभिक बचपन शिक्षण में एक सकारात्मक शुरुआत महत्वपूर्ण होती है। यह महत्वपूर्ण है कि आप और आपका परिवार स्वागतमय, सुरक्षित और समर्थित महसूस करें। सेवा में पहला दिन इस बारे में होता है कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची दूसरे बच्चों को जान सके और अपने शिक्षकों, प्रशिक्षकों और आरंभिक बचपन के अन्य व्यावसायिकों के साथ भरोसेमंद संबंध की शुरुआत कर सके।

विक्टोरिया में आरंभिक बचपन शिक्षण और देखरेख सेवाएँ *विक्टोरियाई आरंभिक वर्ष शिक्षण और विकास फ्रेमवर्क (वीईवाईएलडीएफ) [Victorian Early Years Learning and Development Framework (VEYLDF)]* के तहत निर्देशित होते हैं। यह फ्रेमवर्क शिक्षकों को इस तथ्य से अवगत कराता है कि 'बच्चों की पहचान और उनकी पारिवारिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमियाँ उनके शिक्षण और विकास को आकार देते हैं। जब व्यावसायिक बच्चों की विशिष्ट पहचान को सम्मान और अभिस्वीकृति देते हैं, तो बच्चे स्वागतमय महसूस करते हैं और सबसे अच्छे तरीके से सीखते हैं' (VEYLDF, 2016, पृष्ठ 12)। यह समझ आपको और आपके बच्चे/आपकी बच्ची को उनकी नई आरंभिक बचपन शिक्षा और देखरेख सेवा में अभिमुख और सहज होने की अवधि में शिक्षकों द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोणों को रेखांकित करने में समर्थन देगी।

आरंभिक बचपन शिक्षा और देखरेख सेवाएँ शिक्षकों और परिवारों के बीच सहयोगी साझेदारियों को एक गुणवत्ता कार्यक्रम की नींव के रूप में देखती हैं। आरंभ से ही सम्मानजनक संबंध ऊँची गुणवत्ता की सेवा के सशक्त संकेतक होते हैं। आप शिक्षकों से यह अपेक्षा कर सकते/सकती हैं कि वे गर्मजोशी से स्वागत करेंगे और आपको अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

सेवाएँ आपके साथ संचार में टेलीफोन दुभाषिया सेवा के माध्यम से समर्थन दे सकती हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको उपयुक्त रूप से जानकारी मिलती है तथा आपके पास अपने लिए सर्वाधिक सहज भाषा में प्रश्न पूछने और आगे की जानकारी प्राप्त करने का अवसर है। इसके अलावा, जब आपका बच्चा/आपकी बच्ची सेवा में संबंध और अपनेपन की भावना विकसित कर रहा होता/होती है, तो आपकी पारिवारिक भाषा का प्रयोग करने वाला एक समर्थनकर्ता कुछ अवधि के लिए समर्थन प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो सकता है।

'ऊँची गुणवत्ता की आरंभिक बचपन शिक्षा बच्चों के सीखने और विकास पर प्राथमिक प्रभाव के रूप में परिवारों की पहचान करती है' (VEYLDF, 2016, पृष्ठ 9)। शिक्षकगण आरंभिक वर्षों के कार्यक्रम में परिवार के इनपुट और भागीदारी को महत्व देते हैं। यह न केवल शिक्षकों की कार्यप्रथा को सूचित करता है, बल्कि इससे बच्चों को अपनी शिक्षा और देखरेख के परिवेशों व घरेलू परिवेशों में लोगों के बीच विश्वास, सुरक्षा और संबंध विकसित करने में सहायता भी मिलती है, जिससे उनके सीखने के परिणामों में वृद्धि होती है। परिवारों को सेवा के साथ संलग्न होने और आरंभिक सत्रों में उपस्थित रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इससे आपके बच्चे को सुरक्षित महसूस करने में समर्थन मिलता है और आपको भी यह समझने में सहायता मिलती है कि सेवा में आपकी अनुपस्थिति के समय आपके बच्चे/आपकी बच्ची के साथ क्या होता है।

आपको और आपके बच्चे/आपकी बच्ची को सेवाओं से परिचित होने में सहायता देने के लिए आपकी आरंभिक बचपन सेवा के पास एक अभिमुखीकरण योजना होगी। इसमें निम्नलिखित बातें शामिल हो सकती हैं;

- आपके बच्चे/आपकी बच्ची के औपचारिक रूप से उपस्थित होने से पहले बच्चे/बच्ची के साथ सेवा देखने के लिए आना
- आपके और आपके बच्चे/आपकी बच्ची को सहज महसूस करने में सहायता देने के लिए छोटे सत्रों से शुरू करके लंबे सत्रों का निर्माण करना।

आपके आरंभिक बचपन शिक्षक आपके साथ समय बिताएँगे और आपके व आपके बच्चे/आपकी बच्ची के बारे में आपसे कुछ प्रश्न पूछेंगे। इससे उन्हें आपके बच्चे/आपकी बच्ची की आवश्यकताओं के बारे में बेहतर समझ मिलेगी और उसके लिए सीखने के अवसरों व सकारात्मक परिणामों को अधिकतम बनाने वाले एक कार्यक्रम का निर्माण करने में सहायता मिलेगी।

आरंभिक बचपन सेवाएँ आपको किस प्रकार की जानकारी उनके साथ साझा करने के लिए कह सकती है, इसके कुछ उदाहरण हैं;

- बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी - टीकाकरण रिकॉर्ड, चिकित्सीय आवश्यकताएँ, बीमारियाँ या एलर्जियाँ।
- किस प्रकार से नैप्पी बदलना पसंद है, टॉयलेटिंग से संबंधित प्राथमिकताएँ और घरेलू कार्यप्रथाएँ।
- बच्चे क्या भोजन खाते हैं, भोजन करते समय क्या प्रथाएँ/चर्याएँ हैं।
- बच्चों के आराम/नींद से संबंधित आवश्यकताएँ।
  - क्या वे कॉट पर, अपने खुद के बिस्तर पर या किसी के साथ सोते हैं?
  - कौन से गानों से उन्हें आराम मिलता है?
  - क्या उनकी कोई पसंदीदा किताब, विशेष खिलौना या कंबल है?
  - वे सामान्य रूप से दिन में किस समय आराम करते/सोते हैं?
- आपके परिवार के लिए कौन से त्यौहार और परंपराएँ महत्वपूर्ण हैं?
- शिक्षक आपके द्वारा उनके साथ साझा की जाने वाली किसी भी अन्य जानकारी का स्वागत करेंगे।
- यदि आप शिक्षकों के साथ अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में कोई भी ऐसी जानकारी साझा करने के/की इच्छुक हैं, जिससे उन्हें आपके बच्चे/आपकी बच्ची के साथ संलग्न होने में सहायता मिलेगी, तो आपके पास यह जानकारी होनी चाहिए।

## अपने बच्चों के आरंभिक बचपन सेवा में सहज होने की अवधि में उन्हें समर्थन देने के अन्य तरीके

- अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ सेवा में समय बिताएँ - उसे सेवा की दिनचर्या समझाएँ, उसके साथ खेलें, कहानियां पढ़ें और अपनी भाषा में गाने गाएँ।
- अन्य बच्चों के साथ व्यवहार करने के लिए उन्हें समर्थन दें। यह बस इतना ही हो सकता है कि आप उसे दूसरों के बगल में बैठने, खुद को दूसरे बच्चों के सामने प्रस्तुत करने, गतिविधियों और खेलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अपने बच्चे/अपनी बच्ची और अन्य लोगों के साथ बात करने में समय बिताएँ, जो आपकी भाषा बोलते हैं।
- अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ इस बारे में बात करें कि उन्हें क्या अनुभव हो रहा है और वे क्या महसूस कर रहे हैं: उन्हें आश्वस्त और प्रोत्साहित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची अपने शिक्षकों को और उनके नाम जानता/जानती है और उसे यह पता है कि किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वह उनके पास जा सकता है। अपने साथ उसे अपने शिक्षकों के नाम लेने और सहायता लेने की भूमिका निभाने का अभ्यास करने के अवसर दें।
- छोड़कर जाने से पहले हमेशा अलविदा कहें और अपने बच्चे/अपनी बच्ची को आश्वासन दें कि आप बाद में वापस आ जाएँगे/जाएँगी। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को छोड़कर जाने से पहले उसे किसी शिक्षक और/या अन्य बच्चों के साथ गतिविधि में संलग्न होने के लिए सहायता देकर आश्वस्त करना एक अच्छा विचार है।
- जिस दिन बच्चे सेवा में उपस्थित होंगे, उससे पिछली रात/सुबह उनके साथ सेवा की चर्याओं और परिवेश के बारे में बातचीत करें, ताकि उन्हें कोई भी प्रश्न पूछने का अवसर मिल सके और उनकी किसी भी चिंता का उत्तर देने के लिए आपको मौका मिल सके।
- याद रखें कि सेवा के साथ आपकी संलग्नता के दौरान आपको और आपके बच्चे/आपकी बच्ची को समर्थन देने के लिए उसके शिक्षक और प्रशिक्षक मौजूद हैं।

**References**

Department of Education and Training, 2016. *Victorian Early Years Learning and Development Framework*.